राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 50.00 संख्या 2520
कोड नेम कॉमेट
सुपर कमाण्डो ध्रुव
HEMANT
EESHWAR ART
SHADAB SIDDIQUI
सर्वनायक वर्ष 2012-13

AMSTERDAM, NEATHERLANDS. NOW.
FIRESTAR TO COMET! क्या तुम वहां पहुंच चुके हो?
कॉमेट... कोडनेम कॉमेट! युरोपियन प्राईवेट स्पाय एंड लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसी 'फीनिक्स' का एलीट कमांडो कॉमेट।
मेरे अस्तित्व से जुड़ सा गया है यह नाम।
जब से होश संभाला है तब से हर किसी को मुझे इसी कोड नेम से पुकारते हुए पाया है।
तभी से अपने अस्तित्व की खोज में उलझा हुआ हूं मैं। मेरा नाम, मेरी पिछली जिंदगी, कुछ भी तो नहीं जानता मैं।
जानता हूं तो सिर्फ वे बातें जो मुझे बताई गईं हैं।
मुझे बताया गया था कि मैं उन्हें एक मिशन के दौरान मिला था।
गोलियां मेरे शरीर में आराम कर रही थीं और नसों ने खून को शरीर से आजाद करने की ठान ली थी।
मैं पहुंच चुका हूं। अंदर की स्थिति कैसी है?
गुड! तुम्हें अपना काम सावधानी से करना होगा। उन्हें तुम्हारे वहां होने का आभास तक नहीं होना चाहिए।
वे लोग कुछ अत्याधुनिक हथियारों के साथ आठ-आठ के ग्रुप में पूरे बयालिस फ्लोर्स पर मौजूद हैं।
बच्ची को उन्होंने बत्तीसवें फ्लोर पर कैद कर रखा है। उसे वहां से सुरक्षित निकाल लाना आसान नहीं होगा।
इमारत के अंदर जाने के सारे रास्ते बंद हैं। रोप वे का इस्तेमाल करने की सोचना भी मत, दिखाई देते ही किसी कबूतर की तरह भून दिए जाओगे।
जरा सी चूक और मिशन फेल। इस मिशन की सफलता का मूल मंत्र है SELF SURVIVAL!

पिछले कुछ महीनों से सर्वाइव ही तो करता आ रहा हूं।
अपने सवालों से।
अपने विचारों से।
और दुःस्वपनों से।
मतलब! हमेशा की तरह तुम सिर्फ क्रेडिट लेने का काम करोगी।
शटअप!
जैसे ही तुम्हें बैकअप की जरूरत पड़े सिग्नल भेज देना, बैकअप पहुंच जाएगा। ओवर एंड आऊट।
मेरा काम खत्म हुआ! ऑपरेशन 'बेबीडॉल' की सफलता अब तुम पर निर्भर करती है। हम लोग संपर्क में रहेंगे।
यह क्या पागलपन है, कॉमेट?
बाईक राइडिंग करना अगर पागलपन है तो दुनिया में आधे से ज्यादा लोग पागल हैं।
तुम सच में पगला गए हो?
वहां एक बच्ची की जान खतरे में है और तुम्हें बाईक राइडिंग सूझ रही है।
कॉमेट! कॉमेट... तुम सुन रहे हो कॉमेट... जवाब दो।

समय बीता जा रहा है और उनकी ओर से कोई जवाब नहीं है।
मुझे नहीं लगता वे लोग हमारी मांग पूरी करने के मूड में हैं।
रिलेक्स!
उनके पास हमारी मांग पूरी करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।
देर सवेर उनका...
हम बत्तीसवीं मंजिल पर हैं जॉन, और बाईक सड़क पर चलती है।
तुम्हारे कान बज रहे हैं।
एक मिनट!
यह आवाज कैसी? किसी बाईक के इंजन की आवाज लग रही है।
रूम
रूम
मेरे कान नहीं बज रहे माइक, वह सच में बाईक के इंजन की ही आवाज थी।
कोई सरफिरा बिल्डिंग से बाईक जम्प कराते हुए आत्महत्या करना चाहता है।
O MY GOD!
यह आत्महत्या नहीं कुछ और करना चाहता है।

कम से कम तुम मुझे तो अपने प्लान के बारे में बता ही सकते थे।
कभी सरप्राइज एलिमेंट के बारे में सुना है?
O CMON! सरप्राइज एलिमेंट आतंकवादियों के लिए होना चाहिए था।
चुप रहो और मुझे अपना काम करने दो।
संजय गुप्ता पेश करते हैं!
राज कॉमिक्स है मेरा जुनून!
कोड नेम कॉमेट
सिटी विदाउट ए हीरो सीरीज!
परिकल्पना क्षितीश पाढी
लेखक मंदार गंगेले
चित्रांकन हेमंत कुमार
चित्रांकन सुशांत पंडा (पेज ९८,९९)
स्याहीकार ईश्वर
रंग सज्जा शादाब सिद्दीकी
शब्दांकन मंदार
संपादन मनीष
संस्थापक : राजकुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता

शूट हिम! खत्म कर दो इसे।

तुम्हें क्या लग रहा है हम इसकी आवभगत कर रहे हैं?

ऑर्डस देना बंद करो और हमारी मदद करो।

BY THE WAY NICE MOVE!

कमऑन! तुम मुझे देख नहीं सकतीं।

भटाक

हर मिशन में मेरी मदद के लिए मेरे साथ होती है यह आवाज!

भाड़

हां! पर दुश्मनों के मुंह से निकलने वाली चीखों से अंदाजा तो लगा ही सकती हूं।

लेकिन मदद करने के साथ ही मुझे परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ती यह आवाज।

पर इन सारी परेशानियों के बावजूद मुझे इस आवाज की आदत सी हो गई है।

इन बोम्ब्स से लगी आग नीचे और उपर से आने वालों को रोकने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

बच्ची कहां है?
म... मुझे मुझे नहीं पता।
क
ड़ा
क
डरो नहीं, रेचल! मुझे तुम्हारे डैड ने भेजा है। मैं तुम्हें यहां से ले जाने आया हूं।
यहां से अगर कोई कहीं जाएगा...
...तो वह तुम्हारी लाश होगी कमांडो!
ओह! यह लोग आग की बाधा को पार कर के यहां तक आ गए।
बच्ची को अपने कब्जे में लो टॉम।
हाहाहा! मौत सिर पर नाच रही है और इसे हॉट डॉग की सूझ रही है।
मिलेगा, हॉट डॉग भी मिलेगा। लेकिन यहां नहीं...
बच्ची को हाथ लगाने की कोशिश भी मत करना।
तुम्हारी भलाई आत्मसमर्पण करने में ही है।
दाद देनी होगी तुम्हारी हिम्मत की। धमकी देने की स्थिति में तुम कहीं से भी नहीं हो कमांडो।
कोई आखिरी इच्छा हो तो बता दो।
पूरी तो नहीं होगी, पर बोल देने से शायद तुम्हें मरने का अफ़सोस ना हो।
हॉट डॉग!

...दूसरी दुनिया में।
शूट हिम।
ठक ठनाक

यह आवाज कैसी...

धड़ाम!!

मिशा! मुझे परेशान करने वाली आवाज की मालकिन।
हॉट डॉग। हाजिर है।
अब तो मानोगे कि हॉट डॉग एक अच्छा कोड वर्ड है।
मुझे हॉट डॉग पसंद नहीं।
पर मुझे बेहद पसंद है।

यहां से निकलें?
फिर जितने चाहो उतने हॉट डॉग्स खा लेना।
डन! बिल तुम पे करोगे।
लेकिन तुम यहां आईं कैसे?
उसी रास्ते से जहां से तुम आए थे!
तुम्हारी घुसपैठ ने सभी आतंकियों का ध्यान यहीं केंद्रित कर दिया था...
और मेरा रोप वे से यहां आना आसान हो गया।
तुम्हें बंद जगह पर प्रेशर बॉम्ब का प्रयोग नहीं करना चाहिए था मिशा, किसी की जान भी जा सकती थी।
आहाहाहा! जान तो अब भी जाएगी कमांडो।
इस बच्ची के साथ ही अब तुम सब भी मरोगे!
क्लिक!
लगता है इसने कोई बोम्ब एक्टिवेट कर दिया है।
हमें बोम्ब को खोज कर उसे डिफ्यूज करना होगा।
हमारे पास इतना समय नहीं होगा। यहां से फौरन निकलना होगा, बच्ची को संभालो।
लेकिन बैकअप टीम अभी तक आई नहीं है... यहां से निकलेंगे कैसे? नीचे जाने का रास्ता तो तुम पहले ही बंद कर चुके हो।
वह तुम मुझ पर छोड़ दो।

पिछली बार मैंने तुमसे कहा था कि मुझे कुछ एडवेंचरस काम करना है तो मेरा मतलब इस तरह के एडवेंचर से बिलकुल नहीं था।
मुझे अगर कुछ हो गया तो मैं तुम्हें छोडूंगी नहीं।
जर्रम
आाााााा

आाााााा

PHOENIX HEADQUARTERS, AMSTERDAM. MOMENTS LATER
FIRESTAR TO ALL UNITS! इमारत से दूर रहें और किसी को भी इमारत के पास ना आने दें।
इमारत में एक जिंदा बम है जो किसी भी वक्त फट सकता है। बम की स्थिति का पता नहीं लग पाया है! OVER!
रेचल! मेरे पास आओ मेरी बच्ची।
डैडी!
वैसे पता नहीं कॉमेट, वहां कोई बम था भी या नहीं।
नहीं! उस आतंकी की चेतावनी कोरी धमकी नहीं थी।
बॉम्ब तो था, या कहें कि है।
उसके ना फटने का कारण कोई तकनीकी खराबी हो सकती है।
या फिर...
वे लोग बहुत गंदे थे डैडी।
उन्होनें हमारा टैडी छीन लिया था और उसे खाना भी नहीं खिलाया।
"आहाहाहाहा! कोई नहीं बचेगा! इस बच्ची के साथ ही अब तुम सब भी मरोगे!"
डैम इट!

दूर फेंक दो इसे!

हमारा टैडी!

धड़ाम

O GOD! फूल प्रूफ प्लान था आतंकियों का।

उनकी मांगें मानी जातीं या ना मानी जातीं मेयर और उनकी बच्ची को मारने का पूरा इंतजाम कर रखा था उन्होंने।

लेकिन पहले ही दिन से ना मैंने और ना ही फीनिक्स के किसी सदस्य ने तुम्हें गैर समझा है।

फीनिक्स एक परिवार की तरह है।

तुम्हें हिम्मत रखनी होगी, कॉमेट।

तुम अपने अतीत, अपने परिवार को जरूर ढूंढ पाओगे लेकिन तुम्हें अपने आप को संभाले रखना होगा।

इसलिए नहीं कि यह 'मैं' तुमसे कह रही हूं...

...बल्कि इसलिए क्योंकि कहीं तुम्हारा परिवार, तुम्हारे अपने तुम्हारा इन्तजार कर रहे हैं।

तुम ठीक कह रही हो मिशा।

हर बार की तरह इस बार भी मिशा मुझे डिप्रेशन में जाने से रोकने में कामयाब रही।

लेकिन कब तक?

कब तक यूं ही झूठे दिलासों और उमीदों के साथ जीता रहूंगा?

कब तक एक कोडनेम के सहारे अपने अस्तित्व को बनाए रखूंगा?

और बनाए रखूं भी तो किसके लिए? जबकि मुझे खुद नहीं पता कि...

...किसी को मेरे आने का इन्तजार है भी या नहीं?
INTERNATIONAL AIRPORT, RAJNAGAR, INDIA.
मुझे पहले ही पता था मेरा एक घंटा तो एयरपोर्ट पर ही वेस्ट होगा।
भैया हमेशा की तरह किसी सरफिरे विलेन की किसी सरफिरी योजना से दुनिया को बचा रहा होगा और पापा केस फाइल के पन्ने उलटने में बिजी होंगे।
एयरपोर्ट पर बैठी बोर हो रही इस मासूम सी लड़की की किसी को फिक्र ही नहीं है।
ऊपर से यहां टाइम पास करने के लिए कोई मिल भी नहीं रहा।

मुझसे तुम्हारा काम चल जाएगा??
तुम!!

रिचा!
I AM SO HAPPY TO SEE YOU HERE. कितने दिनों बाद मिल रहीं हैं हम।
अरेरेरेरेरे! जरा संभल कर श्वेता!
तो भैया ने मेरे गुस्से से बचने के लिए तुम्हें भेजा है मुझे पिक करने के लिए।

लेकिन ध्रुव...
आं-आं! भैया की साइड लेकर उसे बचाने की कोशिश मत करो।
मैं पूरे सात महीने बाद लौट रही हूं और तो और मेरे प्रोजेक्ट के चलते पिछले कुछ महीनों से उससे बात तक नहीं हो पाई है।
इस बार भैया को श्वेता की क्रोधाग्नि में जलने से कोई नहीं बचा सकता।

लेकिन श्वेता, ध्रुव...
हां-हां! हमेशा की तरह मजबूर है!
लेकिन तुम मुझे लेने के लिए यह बैग्स क्यों ले कर आई हो?
अरे! मैं अपना सामान हाथ में पकड़ कर थोड़े ही लाई हूं। मेरे बैगेजेस हैं मेरे पास।
मैं तुम्हें लेने नहीं आई हूं श्वेता।
दस मिनट बाद मेरी फ्लाईट है एम्स्टरडेम की।

व्हाट?
हां श्वेता! मुझे वहां से जॉब के लिए ऑफर आया है जिसे मैंने एक्सेप्ट कर लिया है।
दो दिन बाद मुझे ज्वाइन करना है।
जाना तो नहीं चाहती थी, लेकिन अब यहां रहने की कोई वजह भी नहीं रही है मेरे पास।

OH! I AM SORRY RICHA! पर मैं जानती थी कि भैया तुम्हें सिर्फ अपना एक अच्छा दोस्त मानता था और जो जगह तुम भैया की लाइफ में पाना चाहती हो, शायद वह सिर्फ नताशा की है।
आज नहीं तो कल तुम्हें इस सच्चाई को समझ कर भैया के बारे में अपने विचार बदलने ही थे।
BUT IT'S BETTER LATE THAN NEVER. SO ALL THE BEST.

लेकिन यह तो गड़बड़ हो गई। मेरी समस्या तो ज्यों की त्यों रह गई।

ना पापा के आने के कोई संकेत नजर आ रहे हैं और ना ही भैया के आने की कोई उम्मीद।
यहां और दो घंटे वेट करना तो पागलपन है।

"यह तुम क्या कह रही हो रिचा? यह पक्का पागलपन है। तुम वाकई पागल हो गई हो।"
"तुम्हारे लिए यह पागलपन हो सकता है ध्रुव! पर मेरे लिए यह अपने दिल की बात मानना है।"

COMMANDO HEADQUARTERS, MONTHS AGO.
ना जाने भगवान ने मेरी लाइफ में एक से बढ़ कर एक जिद्दी लड़कियां क्यों भेजी हैं!
जिन्हें समझाना तो शायद परम पिता परमात्मा के वश में भी नहीं होगा।
पर मुझे लगता है कि तुम्हें इतने अच्छे मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए रिचा!
तुम जानते हो, ध्रुव कि डैड के जाने के बाद से मैंने अपनी जिंदगी अकेले ही जी है।
इस मतलबी दुनिया में अकेले जीना क्या होता है...
...यह तुम कभी नहीं समझ सकते क्योंकि तुम्हें एक अच्छा परिवार मिल गया था।
राजन अंकल, रजनी आंटी, श्वेता और तुम्हारे रूप में मुझे एक वजह मिली है जिसे मैं अपना परिवार कह सकूं!
मैं उस वजह को अपने से दूर नहीं करना चाहती।
एक मौके को पकड़ने के लिए, जो मेरे पास है मैं उसे खोना नहीं चाहती ध्रुव!
दूसरी जॉब तो मुझे फिर भी मिल जाएगी, शायद इससे भी बेहतर।
लेकिन अगर यह जॉब मुझे तुमसे दूर जाने की कीमत पर मिलती है तो मैं ऐसी हजार जॉब्स ठुकराने को तैयार हूं।
तो इतना समझ लो मिस्टर ध्रुव कि तुम्हें मुझसे इतनी जल्दी छुटकारा नहीं मिलने वाला। समझे?
यह तो मैं तुमसे मिलते ही समझ गया था।
पिक पिक!!
पिक पिक!

गुड मॉर्निंग कैप्टेन! कैडेट 137 अक्षिता रिपोर्टिंग।
गुड मॉर्निंग कैडेट! कहो क्या समस्या है?
मैं इस समय राजनगर के पश्चिमी तट पर हूं...
और मेरी आंखों के सामने कुछ असामान्य सा घटित हो रहा है।
कुछ लोग एक मिल्क सप्लाईंग टैंकर में कुछ डाल रहे हैं जो कि दूध जैसा तो कतई नहीं लग रहा।
ओ.के. कैडेट! तुम वहीं रह कर स्थिति पर नजर रखो। मैं कुछ ही देर में वहां पहुंचता हूं।
अह! एक समस्या है कैप्टेन।
यहां रुक कर स्थिति पर नजर रखना संभव नहीं है। वे लोग टैंकर को कहीं ले जा रहे हैं। टैंकर का पीछा करना होगा।
ठीक है तुम नजर रखो कि वह लोग टैंकर को कहां ले जा रहे हैं।
साथ ही मुझे लोकेशन की अपडेट देती रहो।
मैं जल्द ही तुम्हें ज्वाइन करता हूं।
मेरा फैसला अटल है ध्रुव! यह अब किसी भी हाल में बदल नहीं सकता।
ओ.के. रिचा। तुम अपने फैसले पर दुबारा विचार करना।
फिलहाल मुझे जाना होगा। तुमसे फिर मिलता हूं।
ALL THE BEST AND TAKE CARE! BYE!
THANKS! BYE!

MOMENTS LATER.

अब तुम कहां हो अक्षिता?
हम शहर से बाहर आ चुके हैं कैप्टेन।
यहां कोई बंद पड़ा कारखाना दिखाई दे रहा है।
और अब ट्रक स्लो भी होता दिखाई दे रहा है। शायद यही इन लोगों की मंजिल हो।
O.K.! तुम वहीं रहो और जब तक मैं ना आऊं अपनी ओर से कोई भी कदम नहीं उठाना। AM I CLEAR?
YES CAPTAIN! किर्रर्रर.. इंतजार... किटर्रर... हूं।
ओह! लगता है कनैक्शन टूट गया।

यहां ना तो कोई टैंकर नजर आ रहा है और ना ही कैडेट अक्षिता।
करीम! मुझे कैडेट अक्षिता से कनैक्ट करो।
SORRY CAPTAIN! उससे संपर्क नहीं बन पा रहा।

DAMN! KEEP TRYING KAREEM! जैसे ही उससे कनैक्शन हो लाइन मुझे ट्रान्सफर करो।
YES CAPTAIN!

ओह! ट्रक के पहियों के ताजा बने निशान।
ये निशान फैक्ट्री के पीछे की ओर जा रहे हैं।
यह तो कैडेट्स को दिया जाने वाला कम्युनिकेटर है।

मेरे इस गुप्त अड्डे पर तुम्हारा स्वागत है...

डॉक्टर वायरस
...सुपर कमांडो ध्रुव!
और यह सही जवाब।
तुमने मुझे पहचान लिया! मुझे डर था कि इतने दिनों बाद जब हम मिलें तो तुम मुझे पहचानने से इनकार ना कर दो।
मेरी याददाश्त कितनी भी कमजोर हो जाए डॉक्टर, पर तुम जैसे अपराधियों को मैं कभी नहीं भूल सकता!
बच्ची को छोड़ दो और बताओ कि यहां यह सब क्या चल रहा है, या फिर जेल में आराम करते हुए बताना चाहोगे?
ना हाल-चाल पूछा न खैर-खबर। सीधे जेल जाने की बात?
BAD MANNERS! पर खैर... तुम तो अपने वाले हो, तुमसे क्या छिपाना!
यह तो तुम भी जानते हो कि आज की महंगाई में 'सस्ती मैनपॉवर' जुटा पाना टेढ़ी खीर है। अपराध की दुनिया में भी यही रूल लागू होता है।
फिर वह 'मैनपॉवर' आपके पास कब तक रहेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है।
कॉम्पिटीशन किसी को किसी के पास टिकने नहीं देता
और हमारे धंधे में किसकी जान कब चली जाए यह तो यमराज भी नहीं जानता होगा।
मतलब कि समस्या ज्यों की त्यों!
मैंने इस बारे में सोचा, और आखिर-कार मुझे इस समस्या का समाधान मिल ही गया...
...इस वायरस के रूप में।
एक मिनट! तुम मुझे ऐसे क्यों देख रहे हो?
तुम तो जानते हो, यही तो मेरा काम है। नए-नए खतरनाक वायरस इजाद करना।

पीछे दिखाई दे रहे कैप्सूल्स में जो डेड बॉडीज तैर रही हैं उनमें जीवन के कोई लक्षण नहीं हैं। पर मेरा वायरस उन्हें दोबारा जिंदा कर सकता है।
ना-ना... मेरी महान इजाद की तुलना किसी बेकार सी जोंबी मूवी में दिखाए गए टुच्चे से वायरस से मत करना।
मेरा वायरस मुर्दों को जिंदा तो करता है लेकिन उन्हें आदमखोर जोम्बीज में नहीं बदलता, ना ही इनके शरीर को सड़ने देता है।
बस इन्हें इंस्ट्रक्ट करने के लिए इनके दिमाग में एक छोटी सी चिप लगानी पड़ती है।
और इस तरह आप को मिलती हैं बिना थके, बिना खाए-पीए काम करने वाली मैनपॉवर।
एक बार का इन्वेस्टमेंट, बार-बार की पगार और लंबे समय तक नई मैनपॉवर जुटाने की सिरदर्दी से छुटकारा।
मुझे यकीन है कि दुनिया से इस गंभीर समस्या को खत्म करने के लिए मुझे एक दिन नोबल पुरस्कार जरूर मिलेगा।
तुम्हारी इस इजाद से किसी का भला नहीं होगा वायरस।
तुम्हारी भलाई इसी में है कि तुम यह सब करना बंद कर खुद को कानून के हवाले कर दो।
एक महान जीव वैज्ञानिक होने के बावजूद भी मुझे हमेशा इस बात का अफ़सोस रहता है कि...
...तुम्हारे अंदर कुलबुलाते भलाई के कीड़ों को मारने के लिए मैं कोई वायरस इजाद नहीं कर पाया।
पर तुम्हें इस तरह से अपने साथियों का विरोध नहीं करना चाहिए ध्रुव...
...क्योंकि कुछ ही क्षणों में तुम भी इन्हीं में से एक बनने वाले हो।

चुपचाप उस बेड पर लेट जाओ ध्रुव!

कोई चालाकी नहीं, वरना डॉक्टर्स इस लड़की की मौत की वजह पता लगाते-लगाते बूढ़े हो जाएंगे।

आज तो मेरी लॉटरी लग गई, तुम खुद चल कर मेरे पास आ गए।

तुम जैसी मैनपॉवर के लिए तो कोई भी मुझे मुंह मांगी कीमत देने को तैयार होगा! हाहाहा!

देख क्या रहे हो...नामुरादों... खत्म कर दो दोनों को।
तड़ड़ड़
धड़ाक

तुम्हारा खेल खत्म वायरस! अब नोबल पुरस्कार पाने के सपने जेल में सोते हुए देखना।
खेल इतनी जल्दी कैसे खत्म हो सकता है ध्रुव?
क्लिक
खेल तो अब शुरू हुआ है।
मुझे उम्मीद है तुम्हें इस खेल में मजा आएगा।
तुम इन्हें मारते-मारते थक जाओगे पर इन पर तुम्हारी मार का कोई असर नहीं होगा।
मैंने इन्हें इंस्ट्रक्शंस दे दिए हैं...
और साथ ही एक्टिवेट कर दिया है इनका सेल्फ डिस्ट्रक्ट टाइमर भी, जो भीषण विस्फोट के साथ इनके शरीर के चीथड़े उड़ा देगा।
और साथ में तुम्हारे भी।
ऐसी मैनपॉवर सुसाइड अटैक के लिए काम आती हैं या फिर जब वे आऊट ऑफ कण्ट्रोल हो जाएं। लेकिन अब यह तुम्हें मारने के काम आएंगे।

नुक्सान तो मेरा बहुत होगा। पर तुम्हारी जान के बदले में इतना नुक्सान तो मैं हंसते-हंसते झेल जाऊं।
तो मैं चलता हूं। और मैं तो यह भी नहीं कह सकता कि फिर मिलेंगे।
यह तो जौंक की तरह शरीर से चिपक गए हैं। मेरे किसी भी वार का इन पर कोई असर नहीं हो रहा।
इनसे पीछा छुड़ाने का कोई तो तरीका होगा।
कैप्टेन! बचाओ कैप्टेन!!
ओफ्फ्फ!! किसी भी हाल में अक्षिता को इनसे बचाना होगा।
पर मेरे पास सोचने तक का समय नहीं है जाने कब इन बॉडीज में लगा सेल्फ डिस्ट्रक्टर ब्लास्ट हो...
धड़ाम!

THIS IS THE FINAL BOARDING CALL FOR PASSENGERS ON FLIGHT 372 TO AMSTERDAM. PLEASE PROCEED TO GATE 3 IMMEDIATELY...
हे! हैलो! कहां खो गईं?
तुम्हारे लिए अनाउंसमेंट हो रही है...
और यह क्या? तुम रो रही हो?
हं... नहीं। कुछ नहीं, बस यूं ही।
मैं चलती हूं। अपना खयाल रखना।
तुम भी।
पापा! तो आखिर आपको याद आ ही गया कि आपकी बेटी आज घर वापस आने वाली थी।
लेकिन भैया क्यों नहीं आया?
वह तुझे लेने नहीं आ सकता श्वेता...

...वह हमसे बहुत दूर जा चुका है!
धप्प धप्प धप्प

हम्फ! हम्फ! हफ्फ!
धप्प
धप्प

जल्दी करो! वह घायल है। ज्यादा दूर नहीं जा पाएगा!

किससे छिपते हुए भाग रहे हो, बेटे?

आ.. आप!

मां! पापा!
किससे भाग रहे हो तुम? क्यों भाग रहे हो? इतनी तकलीफ क्यों झेल रहे हो?
उन लोगों से नहीं मेरे बच्चे, तुम अपने आप से भाग रहे हो!
बंद करो इस तरह भागना और समर्पण कर दो। हमारे पास आ जाओ बेटे, हम तुम्हारा सालों से इंतजार कर रहे हैं।
वह... वह लोग... मेरे... मुझे...
इनका विरोध करोगे तो तुम्हारी तकलीफ बढ़ती जाएगी और हम तुम्हें तकलीफ में नहीं देख सकते मेरे बच्चे।
क्या तुम हमारी तकलीफ बढ़ाना चाहते हो?
पर... मैं...?
समर्पण कर दो!
अब और विरोध मत करो।
यही एक मात्र उपाय है।
देखो, वह रहा!

वह मिल गया है सर! आदेश दें क्या करना है?
खत्म कर दो उसे।
तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़
NO!!!!!!!!!!!!
NO!

DAMN... DAMN IT!
फिर वही दुःस्वप्न!
ना जाने कब जान पाऊंगा मैं इस स्वप्न के पीछे छिपे अर्थ को जो कि निश्चित ही मेरे पिछले जीवन से जुड़ा हुआ है!
कॉमेट! दरवाजा खोलो, कॉमेट!

दरवाजा खोलने में इतनी देर? मैं कब से दरवाजा खटखटा रही हूं, कॉमेट!
वो मैं...
मैंने तुम्हारी चीख सुनी, तुम ठीक तो हो?
मैं... मैं ठीक हूं! बस एक बुरा सपना देख लिया था!

बुरा सपना?
मतलब तुमने फिर वही सपना देखा!
तुम परेशान मत हो।
जाओ जा कर सो जाओ!

हां! फिर वही सपना! फिर वही भागदौड़! फिर वही छटपटाहट और फिर वही तकलीफ!
और हर बार के साथ यह तकलीफ बढ़ती ही जा रही है!
लाख चाहकर भी मैं उस घटनाक्रम के पहले या बाद का कुछ भी याद नहीं कर पा रहा हूं!
और ना ही याद कर पा रहा हूं उन चेहरों को जिन्हें मैं सपने में मां और पापा कह कर पुकार रहा था!

तो तुम क्यों इस तकलीफ को खुद ही बढ़ा रहे हो, कॉमेट?
बंद करो इस तरह अपने अतीत के बारे में परेशान होना।
बंद करो इस बारे में सोचना! तुम्हारे सोचने भर से तुम्हें अपने सवालों के जवाब नहीं मिलेंगे!
तुम्हारे लिए कहना आसान है मिशा, क्योंकि तुम्हें एक कोड-नेम के सहारे जीने की जरूरत नहीं है!
तुम्हारा अपना एक नाम है जो तुम्हें तुम्हारे परिवार से मिला है!
तुम्हारे अस्तित्व पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगा जो तुम्हारा मजाक बनाते हुए हर वक्त तुम्हारी आंखों के सामने मंडराता रहता है!
किसी से मिलते वक्त तुम्हें अपना नाम बताते हुए हर बार हिचकिचाना नहीं पड़ता!
लेकिन मैं हर पल इन परिस्थितियों से हो कर गुजरता हूं। तो कैसे बंद कर दूं परेशान होना और कैसे भूल जाऊं कि...
तुम्हें कुछ भूलने की जरूरत नहीं है कॉमेट!
जरूरत है तो बस यह याद रखने की कि तुम्हारा यहां एक परिवार है जो तुम्हें कभी अपने से अलग नहीं समझता!
तुम्हारी परेशानी, तुम्हारा अंतर्द्वंद्व, तुम्हारी छटपटाहट को समझती हूं मैं।
लेकिन यह सारी चीजें तुम्हें अपने आप से ही दूर कर रही हैं और अपने आप से दूर हो कर अपने परिवार से कैसे मिल पाओगे तुम?
यहां सभी तुम्हारी मदद करना चाहते हैं, पर तुम किसी को मदद करने देना ही नहीं चाहते।
तुम्हें अपने आप को समय देना होगा और सबसे बड़ी बात, तुम्हें समय को समय देना होगा...

..."क्योंकि जो तुम्हारा है तुम्हें उसके पास जाने की जरूरत नहीं होती"

..."वह खुद चलकर तुम्हारे पास आता है!"

CRYPTOSE SOLUTION PVT. LTD. AMSTERDAM.

क्रिप्टोस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में आपका स्वागत है!

हम माफी चाहते हैं मिस रिचा आपको लंबे थकान भरे सफर के बावजूद इस तरह आपात स्थिति में यहां बुलाना पड़ा!

IT'S OK. MR. NOVAK! WORK COMES FIRST!

मैं यहां काम करने के लिए ही आई हूं और काम जितनी जल्दी शुरू हो उतना अच्छा!

THAT'S GREAT! मिस्टर मार्वेक आपको यहां की स्थिति और काम से अवगत करवा देंगे! आपसे अब हैड ऑफिस में मुलाकात होगी! चलता हूं!

इतना ही नहीं, तीन बार हैकर्स ने सारे सिक्योरिटी एंट्रेंन्स के कंट्रोल्स पर कब्जा कर सारी सुरक्षा व्यवस्था को नाकाम कर दिया!
जिसका फायदा उठा कर प्लांट पर तीन बार आतंकवादियों ने हमले किए, जिन्हें सेना और निजी सुरक्षा एजेंसी फीनिक्स की मदद से नाकाम किया गया!

हम अपने सिस्टम की सुरक्षा के लिए 512 बिट इनक्रिप्शन का इस्तेमाल करते हैं जिसे भेद पाना किसी भी हैकर के लिए असंभव है, ऐसा हमें लगता था!
लेकिन हम गलत साबित हुए और अब इस प्लांट का सिक्योरिटी सिस्टम आतंकवादियों और हैकर्स के लिए पूरी तरह से खुला हुआ है!
कोई भी जब चाहे उसमें घुस कर मनमानी कर सकता है!
अब जबकि हम दुश्मन के सामने उसी तरह नग्न अवस्था में हैं जिस तरह से एक नवजात शिशु अपने जन्म के समय होता है, इतने कम समय में 512 बिट इनक्रिप्शन से मजबूत कोई सिक्योरिटी इनक्रिप्शन बनाना हमारे लिए संभव नहीं है!

हम पूरी तरह से उम्मीद खो चुके थे लेकिन क्रिप्टोस ने कहा कि अभी भी उम्मीद बाकी है, आपके रूप में!
विश्वास करना थोड़ा मुश्किल है लेकिन हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है!
अगर आप हमारी मदद कर पाईं तो इससे बेहतर हमारे लिए कुछ नहीं हो सकता!
मैं कोई वादा नहीं करूंगी मिस्टर मोर्वेक! पर कोशिश पूरी करूंगी!
बस मुझे बता दीजिए कि इनक्रिप्शन इसी यूनिट में इंस्टाल करना है या आपने नई इनक्रिप्शन के लिए नई यूनिट की व्यवस्था कर रखी है?
आइए दिखाता हूं!

यह रही सिस्टम यूनिट!
अगर आप 512 बिट इनक्रिप्शन से बड़ा और मजबूत इनक्रिप्शन बनाने में सफल होती हैं तो हम इस यूनिट को पूरे प्लांट के सिस्टम से जोड़ देंगे!
ALL THE BEST!
अब तो बात साख पर आ गई है रिचा!
तो दिखा दे इन्हें कि वर्ल्ड में बेस्ट नेटवर्क इंजीनियर अगर कोई है तो सिर्फ भारत में है!

क्लिक

यह क्या? अचानक यह लोड शेडिंग सी क्यों होने लगी?

...हम पर हमला हो रहा है!
नहीं! हम पर 'फिर से' हमला हो रहा है!

सिक्योरिटी को इन्फॉर्म करो। सिस्टम लॉकडाउन... टोटल लॉकडाउन के लिए कहो! फ़ौरन!

यह सब क्या हो रहा है मिस्टर मार्वेक?
जरा सी लोड शेडिंग की वजह से इतनी अफरातफरी क्यों?
यह लोड शेडिंग नहीं है मिस रिचा।
सारे कंट्रोल्स पर फिर से हैकर्स का कब्जा है।
संभव है कि हम पर किसी भी समय हमला हो जाए।

HELLO EVERYBODY! WE ARE BACK!
रोनिन आपकी सेवा में हाजिर है।

AMSTERDAM, NEATHERLANDS. NOW.
कार कमांडो फोर्स हैडक्वार्टर की ओर ले लो, जयसिंह! हम अभी घर नहीं जा रहे!
जिद मत कर श्वेता!
हम सीधे घर जा रहे हैं!
उसके बाद तुझे जहां जाना हो चली जाना!
नहीं! मुझे पहले भैया से मिलना है!
जयसिंह! गाड़ी यहीं रोको! मैं खुद चली जाऊंगी!
रुक जा श्वेता उधर मत जा!
SORRY PAPA! लेकिन भैया से मिलने से पहले मैं आपकी कोई बात नहीं सुनूंगी!
आखिर भैया खुद को समझता क्या है?
क्राइमफाइटिंग उसके लिए अपनी बहन से मिलने से ज्यादा जरूरी हो गई है!
आज उसे सारी क्राइमफाइटिंग...
भुला...

IN LOVING MEMORY
OF A HERO
SUPER COMMA
DHRUVA

भ... भैया!

मेरे दीदार के लिए तुम्हें एक तसवीर का सहारा लेने की जरूरत नहीं है, कॉमेट!

अच्छा जोक था! लेकिन मुझे हंसी नहीं आई!
आ जाती तो पूरे हैडक्वार्टर में मिठाई ना बंटवाती?
देखें जरा, जनाब इस फोटो में कौन सी छिपी हुई चीज ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं!

अरे! यह तो हमारा ग्रुप फोटो है।
क्या जोड़ी है हमारी! MADE FOR EACH OTHER! बस इन दो नमूनों ने फोटो का सारा लुक खराब कर दिया।
मिशा! कॉमेट!

एक इमरजेंसी है! तुम दोनों को फौरन जाना होगा!

कोई असामान्य हरकत नहीं!
जितना पूछा जाए उतना ही बोलना और बदले में हम तुम्हें जिंदा छोड़ देंगे!
यूरेनियम कहां स्टोर कर रखा है?
उस... उस तरफ बेसमेंट में!
तुम हमें स्टोरेज तक ले चलोगे!

इन लोगों को यूरेनियम चाहिए!
तो इस सारे मामले की असली जड़ यूरेनियम भण्डार की चोरी है!
लड़की को बाकि होस्टेजेस के पास ले जाओ!
देखना कोई चालाकी ना करे!
ओ.के. कमांडर!

चुपचाप चलती रह लड़की!
कोई भी चालाकी तेरी कमनीय काया के लिए नुकसान देह होगी!
कोई मेरी हुक्मउदूली करे यह मुझे पसंद नहीं!

और कोई इस तरह मुझसे बात करे, यह मुझे पसंद नहीं!
धाड़!

मेरा एयरपोर्ट से सीधे यहां आना एक तरह से अच्छा ही हुआ!
मेरा सारा लगेज यहीं पर है! और उसी लगेज में है...

ब्लैक कैट की पोशाक!
मैंने सोचा था राजनगर में अपनी पिछली जिंदगी के साथ ही अपने इस रूप को भी पीछे छोड़ दूंगी मैं!
लेकिन परछाईयां कभी पीछा नहीं छोड़तीं!
बस यहां से आगे जाना हम लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है!
जानता हूं! इसीलिए तो तुझे साथ लाया हूं!
क... क्या?
एंटी रेडिएशन सूट्स कहां रखे हैं?
मैंने कहा था जितना पूछा जाए उतना बताना!
एंटी रेडिएशन सूट्स यहीं लॉकर में रखे हुए हैं!
गुड!
सभी रेडिएशन सूट पहन कर इन कंटेनर्स को बाहर निकालो!
हमें जल्द ही...
यहां... से...
क्या... क्या हुआ इन्हें? यह... रेडिएशन का असर नहीं हो सकता!
सही कहा! यह रेडिएशन का असर नहीं है!
यह बेचारे तो अपना काम करने ही जा रहे थे! पर उनका रास्ता काट गई...

ब्लैक कैट!
प्लांट की सिक्योरिटी के लिए एक लड़की को रखा गया है! INTERESTING!
लेकिन बात अगर काटने पर आती है तो काटने में मैं माहिर हूं!
और तुझे काटने में मुझे बड़ा मजा आएगा!
ख्वाहिशमंद होना अच्छी बात है!
लेकिन रास्ता हो या इंसानी शरीर, दोनों को काटने में ब्लैक कैट माहिरों की भी माहिर है!
ईयाााा
तुम तो मामूली खरोंचो से ही घबरा गए और बात कटने और काटने की कर रहे थे!
कटने की नहीं लड़की...

लेकिन आज तुम्हारी कुछ भी काटने की इच्छा अधूरी ही रह जाएगी!

खच्च

आ ा ा ह!

जब से होश संभाला है कुछ ना कुछ काटता आया हूं!

...आज तेरी बारी है!

सांय

मेरे होते हुए यहां सिर्फ एक ही चीज कटेगी।
और वह तेरे अरमानों का सिर होगा!

RAJNAGAR, INDIA.

मैं मानता हूं कि हमें तुझसे यह बात छिपानी नहीं चाहिए थी श्वेता।
लेकिन तेरे प्रोजेक्ट के चलते तुझसे छः महीनों तक कोई संपर्क नहीं हो पाया और उसके बाद तुझे यह खबर दे कर हम तुझे और परेशान नहीं करना चाहते थे।

मुझे पता है तुझ पर क्या बीत रही है! रजनी और मैं इस स्थिति से गुजर चुके हैं और अभी भी गुजर रहे हैं।
लेकिन तू जितनी जल्दी इस सच को स्वीकार कर लेगी उतना अच्छा होगा।

जानता हूं कि मेरी कही कोई बात अभी तुझ पर कोई असर नहीं डालेगी।
तुझे कुछ समय अकेला छोड़ना ही बेहतर होगा।
मैं जा रहा हूं। घर जल्दी आ जाना। रजनी वैसे ही परेशान है उसे और परेशान मत करना।
मैं जय सिंह को यहीं...

...छोड़ कर जा ओफ्फ!
हट रास्ते से बुड्ढे!

धड़

धड़

धाड़

छो...

थड़ाक

छ...

थड़ाक

धाड़

पब्लिक प्लेस पर हंगामा करने और एक अपर ग्रेड सिक्योरिटी ऑफिसर पर हाथ उठाने के जुर्म में...
...मैं तुम्हें गिरफ्तार कर सकती हूं मिस श्वेता मेहरा!
लेकिन, चूंकि तुमने एक बैंक रॉबर को पकड़ने में कमांडर फोर्स की मदद भी की है, इसलिए मैं तुम्हें एक चेतावनी दे कर छोड़ रही हूं!

आप ठीक तो हैं सर।
मैं ठीक हूं, नताशा! मामूली सी चोट है ठीक हो जाएगी।
कैसी हो श्वेता? WELCOME BACK!
मैं जानती हूं इस बार तुम्हें वापस आने की खुशी नहीं हुई होगी।
उस चोर पर निकले तुम्हारे गुस्से को देख कर तुम्हारी हालत का अंदाजा लगा सकती हूं मैं!
जानती हूं तुम्हारे मन में अभी क्यों और कैसे वाले कई सवाल घुमड़ रहे होंगे, जिनके जवाब पा कर भी तुम्हें खुशी नहीं होगी।
लेकिन तुम्हारे पीछे बहुत कुछ बदल चुका है श्वेता!
बहुत कुछ घट चुका है जिसके बारे में तुमने कभी कल्पना भी नहीं की होगी!
तुम्हें आराम की जरूरत है, तुम्हें घर जाना चाहिए! हम जल्द मिलेंगे!
लेकिन तुमसे मिलने ऑफिसर नताशा नहीं तुम्हारी दोस्त नताशा आएगी!

चटाक

अपनी गन नीचे करो बेवकूफ!
जाने दो उसे!

BORSSELE NUCLEAR POWER STATION.
गेम ओवर!
तुम्हारा मिशन तुम्हारी गिरफ्तारी के साथ ही खत्म होता है!
मैं हार मानता हूं!

चोर पुलिस के इस खेल में बचपन से ही हारता आया हूं मैं।
लेकिन अंत में जीत मेरी हुआ करती थी!

जानना चाहोगे कैसे?
क्लिक

चीटिंग से!
हम्फ! तलवार में करंट था।
गेम ओवर सोल्जर! अब रोनिन के मिशन के साथ ही खत्म होगी...
...तेरी जिंदगी भी!
मैं बस इतना कहूंगा कि...
...तूने अपने काम को अंजाम देने के लिए गलत दिन चुना!

लेकिन तूने मरने के लिए बिलकुल सही दिन चुना!
मेरी हर बात को दोहराना साबित करता है कि तू जरा भी क्रिएटिव नहीं है!
कुछ नया और अपना बोल!
स्वाच्च!
लेकिन मुझे नहीं लगता अब तू कुछ भी बोल पाएगा।
आााह!
क्लिक!
क्रिएटिव होना किसे कहते हैं यह अब मैं तुझे दिखाता हूं!
इसे कहते हैं क्रिएटिविटी!

अंदर स्थिति काबू में है! बाहर की स्थिति मिशा ने संभाल ली होगी!
हैडक्वार्टर मैसेज भेजना होगा!
लेकिन उससे पहले इस लड़की को हॉस्पिटल पहुंचाना होगा!
लेकिन यह है कौन और यहां क्या कर रही है?
आप ठीक तो हैं मिस...
ओह! यह तो बेहोश है। लेकिन इसकी कॉस्ट्यूम और यह मास्क!
इसका रोनिन को रोकना साबित करता है कि यह इन लोगों के साथ नहीं थी!
यह...यह चेहरा मुझे जाना पहचाना सा लग रहा है।
जैसे मैं इस लड़की को काफी समय से जानता हूं!
कहीं मेरे अतीत से तो इसका कोई सम्बन्ध नहीं?
कॉमेट अभी तक बाहर नहीं आया! वह अंदर ही गया था!
ओह! मिशा बाकी टीम को लेकर अंदर आ रही है!
इस लड़की को उन लोगों के सामने लाना ठीक नहीं होगा!
और यह लड़की खुद भी नहीं चाहती होगी कि इसकी असलियत दुनिया के सामने आए!
मुझे इसे उन लोगों की नजरों से बचाना होगा!

तुम ठीक तो हो कॉमेट?
मैं ठीक हूं मिशा और स्थिती काबू में हैं।
दुश्मन का मिशन फेल हुआ!
THANK GOD! तुम्हारी ओर से कोई अपडेट नहीं आई तो मैं परेशान हो गई थी।
क्या हुआ, तुम कुछ परेशान से लग रहे हो?
कुछ नहीं, यहां रेडिएशन का खतरा है।
हमारा ज्यादा देर यहां रुकना ठीक नहीं!
झूठ मत बोलो कॉमेट!
मैं तुम्हारे चेहरे के भावों को अच्छी तरह समझने लगी हूं!
ठीक है! लेकिन यह बात सिर्फ तुम्हारे और मेरे बीच रहेगी!
आओ मेरे साथ!

...तो तुम्हें लगता है कि तुम्हारी पिछली जिंदगी से जुड़े सवालों के जवाब इससे मिल सकते हैं!

लेकिन तुम्हारा सोचना गलत भी तो हो सकता है।

हो सकता है इसका भारतीय होना तुम्हें इसे अपना जानकार लगने की वजह हो!

यह उन आतंकवादियों की साथी भी हो सकती है।

पागलों जैसी बातें मत करो मिशा!

इससे पहले भी मैं कई बार कई भारतीयों से मिल चुका हूं लेकिन आज तक ऐसा नहीं लगा जैसा मुझे इस लड़की को देख कर लग रहा है!

और यह लड़की इन आतंकवादियों के साथ नहीं थी! रोनिन के जानलेवा हमले से इसे मैंने ही बचाया!

प्लीज मिशा! मेरी बात का यकीन करो, अगर मेरी बातें गलत साबित होती भी हैं तो भी यह रहेगी तो हमारी ही निगरानी में!

अगर यह गलत होगी तो हम इसे अरेस्ट तब भी कर सकेंगे!

प्लीज मेरी खातिर इस बार मेरा साथ दे दो!

अगर मैं गलत हुआ तो वादा करता हूं, इसके बाद कभी अपने अतीत के बारे में जानने की कोशिश नहीं करूंगा!

लेकिन..

लेकिन के लिए समय नहीं है मिशा!

ठीक है! मैं बाहर जा कर बाकि औपचारिकताएं पूरी करती हूं!

लेकिन तुम्हें जो करना है जल्दी करो, क्लीनअप क्रू आता ही होगा! हमारे पास ज्यादा समय नहीं है।

"और कितना समय चाहिए तुम्हें..."

...वैसे ही काफी समय ले चुके हो तुम और हर बार की तरह इस बार भी और समय की बात कर रहे हो!

तुम्हें और समय देने का रिस्क हमं नहीं ले सकते!

हमारा कितना नुक्सान हो रहा है इसका अंदाजा भी नहीं है तुम्हें।

और यह नुक्सान हम सिर्फ इसलिए झेल रहे हैं कि सुप्रीमो को तुम पर भरोसा था कि यह काम सिर्फ तुम ही कर सकते हो!

लेकिन तुम्हारा काम तुम्हारे ट्रैक रिकॉर्ड से बिलकुल मेल नहीं खाता।

मुझे तो शक है कि तुम्हारा रिकॉर्ड जो कहता है वे काम तुमने किए भी थे या नहीं।

यह तुम्हारे लिए आखिरी कॉल है। सुप्रीमो ने तुम्हें सिर्फ दस दिन का समय दिया है!

अगर दस दिनों में तुम हमारा काम कर पाते हो तो ठीक, वरना समझना कि यह दस दिन सुप्रीमो के रिसोर्ट में तुम्हारे ऐशो आराम के आखिरी दिन हैं!

वरना 'मास्टर एम' के सामने आवाज ऊंची करने की गुस्ताखी कभी ना करता तू।

तुझे जिंदा छोड़ने की एक वजह यह भी है कि सुप्रीमो का दिया काम पूरा नहीं कर पाया हूं मैं।

सुप्रीमो ने मुझे दस दिनों का वक्त दिया है! लेकिन मैं पांच दिनों में यह काम पूरा करूंगा!

"...और इस बार राजनगर का रखवाला भी उसे बचाने के लिए यहां नहीं है!"

NARKA PRISON, RAJNAGAR.

सब ठीक है सर!

क्या साब इतने साल हो गए हमें यहां वाटर सप्लाई करते हुए, अब तो शक करना बंद करो!

पेमेंट लेते वक्त तो बिना गिने जेब में नहीं रखता।

तू तेरी डयूटी कर रहा है और मुझे मेरी करने दे!

यहां हम अपने सगे संबंधियों को बिना चेकिंग के अंदर ना जाने दें तो तू तो फिर भी बाहर का है!

फटट
फटट
फिच्चाक

यह धमाका कैसे हुआ?
सारी बोतलें अचानक कैसे फट गईं?
कहीं कोई बम वगैरह का निशान नहीं है और ना ही गर्मी की वजह से बोतलें फट सकती हैं!

पानी में कुछ हलचल हो रही है!

ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। मैं कोई बोतल का जिन्न नहीं हूं, मुझे जिन्न की तरह बोतलों में रहना पसंद नहीं!
और ना ही तुम लोगों की इच्छाएं पूरी करूंगा!
मैं यहां अपने आका की इच्छा पूरी करने आया हूं।
तुम लोगों के लिए बेहतर होगा कि मेरे रास्ते से हट जाओ वरना हटाना मुझे आता है!

खत्म कर दो इसे!

बहते पानी को आज तक कोई रोक पाया है भला!

ह्रियाह
धप्प

भैया! मुझे भी यह हू हा हू हा सीखना है!
अच्छा! तू यह सब सीख कर क्या करेगी, बंदरिया?
यह सब तेरे बस का नहीं है!

क्यों, क्यों बस का नहीं है?
तुम क्यों करते हो यह सब? तुम कर सकते हो तो मैं भी कर सकती हूं।

मेरा यह सब करना जरूरी है, अपराधियों से लड़ने के लिए शरीर का चुस्त-तंदुरुस्त होना जरूरी है।
और तू यह सब क्यों सीखेगी? वैसे भी तुझे घर का चूल्हा-चौका ही तो संभालना है।

हुंह! चूल्हा-चौका करे मेरी जूती!
मैं तो तुम्हारे भले के लिए कह रही थी, कि कभी किसी दिन कहीं मुसीबत में पड़ जाओ तो मैं तुम्हारी मदद को आ सकती थी!
लेकिन तुम्हारी ही किस्मत खराब है!
तू मेरी मदद को आएगी?

हाहाहाहा! इस सदी का सबसे बड़ा जोक, श्वेता ने ध्रुव को मुसीबत से बचाया!
हंस लो लेकिन कभी किसी मुसीबत में पड़ो और बचने का कोइ रास्ता ना हो तब देखना मैं ही तुम्हारी मदद को आऊंगी!

वह दिन कभी नहीं आएगा बंदरिया!

वह दिन आया भी और चला भी गया भैया!
लेकिल मैं तुम्हें उस मुसीबत से बचाने नहीं आ पाई।
मुझे माफ कर दो भैया! मुझे माफ कर...
तू मेरे कमरे में क्या कर रही है बंदरिया...

...चल भाग यहां से!

फिर ध्रुव हमेशा की तरह तुम्हारी चोटी खींचते हुए तुम्हें यहां से बाहर निकालता और तुम रजनी आंटी से ध्रुव की शिकायत करती?

ध्रुव होता तो यही सब करता, लेकिन यह शब्द और उसकी आवाज अब तुम कभी नहीं सुन पाओगी श्वेता!

क्यों?

होश में आओ श्वेता, यह तुम क्या...
भैया को किसी भी खतरे, किसी भी मुसीबत से बचाने की जिम्मेदारी तुम्हारी थी नताशा।
मैंने जाते वक्त अपना चंडिका मास्क और कॉस्टयूम तुम्हें देते हुए तुमसे कहा था नताशा कि मेरी गैरमौजूदगी में यह जिम्मेदारी तुम्हें निभानी है!
और तुमने भी यह जिम्मेदारी लेते हुए मुझसे वादा किया था नताशा कि भैया पर आने वाली किसी भी मुसीबत को उस तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर दोगी।
तो क्यों नहीं बचाया उसे?
अपनी सबसे अच्छी दोस्त से किए वादे को क्यों नहीं निभा पाई तुम?
उस पर आई मुसीबत से घबरा गई थी तुम?
या तुम पर भी तुम्हारे अपराधी बाप की तरह राजनगर पर राज करने का नशा सवार हो गया है, नताशा...
या तुम्हें कमांडर नताशा कह कर पुकारूं?
श्वेता!

मैं तुम्हारी गुनाहगार हूं। मैं तुमसे किए वादे को निभा नहीं पाई।
लेकिन मुझे दुःख इस बात का है कि तुम भी मुझे गलत समझ रही हो, श्वेता!
क्या तुम्हें वाकई लगता है कि मैंने ध्रुव को बचाने की कोशिश नहीं की होगी?
यह जानते हुए भी कि इस दुनिया में एक वही था जिसे मैंने सबसे ज्यादा चाहा, सबसे ज्यादा प्यार किया।
जिसके लिए मैंने अपने डैड को भी छोड़ दिया।
तुम्हें लगता है कि मैंने उसे मुसीबत में अकेला छोड़ दिया होगा?
उसे खोने का जितना दुःख तुम्हें है उतना ही मुझे भी है। शायद उससे भी ज्यादा...
तुमने अगर अपना भाई खोया है श्वेता तो मैंने भी अपना प्यार खोया है!
व्हाट?
लेकिन मैंने अपने प्यार के साथ अपने डैड को भी खो दिया!
रोबो अब इस दुनिया में नहीं हैं!

यह सब कैसे हुआ?
मुझे जल्द ही कुछ करना होगा।
वरना मेरी वजह से अक्षिता को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा।
नहीं! मैं ऐसा हरगिज नहीं होने दूंगा!
लेकिन कैसे? इस मुसीबत से निपटने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा!

इतनी सारी डेड बॉडीज से एक साथ पार पाना लगभग असंभव है। जबकि इन्हें दर्द तक का एहसास...
एक मिनट।
डॉक्टर वायरस ने कहा था कि यह सारे मृत शरीर हैं और इन्हें किसी चिप से ऑपरेट किया जा रहा है!
मतलब इनका अपना कोई दिमाग या सोचने समझने की क्षमता नहीं है!
इनसे निपटा जा सकता है वैसे भी कोशिश करके देखने के सिवा कोई चारा नहीं है!
अक्षिता मेरे तीन कहते ही अपनी आंखें बंद कर लेना जब तक मैं न कहूं खोलना नहीं!
एक, दो...

तीन!
उम्मीद है यह तेज रोशनी इन लोगों को भी कुछ समय के लिए अंधा कर देगी।
बस मेरा सोचा हुआ पूरा होने से पहले ही...
यह सिग्नल फ्लेयर बुझ ना जाए!

हाहाहा! इस बार उस शैतान के अवतार का मेरी डेड आर्मी से बच पाना असंभव है!

कई सालों की असफलता के बाद आखिर मुझे ध्रुव को मारने में सफलता मिल ही गई!

और इसी के साथ अपराध जगत में डॉक्टर वायरस के नाम का डंका...

आ!!!!!!
हाय रे टूट गईं... मेरे शरीर की सारी हड्डियां टूट गईं!
अपनी टूटी हुई हड्डियों के जुड़ने का इंतजार अब जेल में करना, वायरस!
असंभव! तू... तू मेरी डेड आर्मी से बच गया ध्रुव?
मुझे मारने की कोशिशें तो जिंदा लोगों ने भी खूब की हैं, वायरस!
वह तो फिर भी मुर्दे थे और मुर्दे किसी को मौत नहीं दिया करते!
लेकिन तुम्हारी डेड आर्मी से पार पाना आसान नहीं था। एक समय तो मुझे भी लगा था कि मैं उनसे बच नहीं पाऊंगा!
पर एन वक्त पर मुझे तुम्हारी चिप द्वारा बॉडीज को कंट्रोल करने की बात याद आई।
मतलब वे सिर्फ चिप में दिए गए इंस्ट्रक्शंस या एक फिक्स्ड टारगेट को ही फॉलो करते थे!

"और इसी थ्योरी के चलते मुझे उस मुसीबत से बचने की तरकीब सूझी।"
"सिग्नल फ्लेयर की तेज रौशनी ने उन्हें कुछ देर के लिए अंधा कर दिया!"

"इसी बीच मैंने अपनी कॉस्टयूम उनमें से एक डेड बॉडी को पहना दी।"

"और मेरा सोचना सही था। वे लोग अपने टारगेट को चेहरे से नहीं बल्कि उसके हुलिए से पहचान रहे थे!"
"फ्लेयर के बुझते ही बाकि डेड बॉडीज ने मेरी कॉस्टयूम पहनी डेड बॉडी पर मुझे समझ कर हमला कर दिया!"

और इस तरह मैं और अक्षिता वहां से सुरक्षित निकल आए और तुम्हारी डेड आर्मी दुबारा डेड हो गई!
अब अगर तुम डेड नहीं होना चाहते तो बिना एक क्षण गंवाए बताना शुरू हो जाओ कि अपनी इस नई इजाद की खेप कहां-कहां भेज चुके हो तुम?
क... कहीं नहीं, यह पहली खेप सैम्पल के तौर पर तैयार की गई थी जिसे तुम तबाह कर चुके हो।

अगर यह प्रयोग पूरी तरह सफल हो जाता तो आगे और डैड आर्मी बना कर 'वह' इन्हें पूरी दुनिया में सप्लाई कर देता!
'वह' कौन?
ग्रैंड मास्टर रोबो!
उसी के कहने पर मैंने यह नया वायरस इजाद किया है!
वही इस पूरे प्रोजेक्ट को फायनेंस कर रहा था!
शुक्रिया! बाकि की जिंदगी जेल में बिताने के लिए तुम्हें फायनेंस मैं करूंगा।
यह रही पहली किश्त!
धाड़
रोबो एक बार फिर सक्रिय है। यानी मामला जितना दिख रहा है उससे कहीं ज्यादा गंभीर है!
इस मामले की तह और रोबो तक पहुंचना ही होगा!
ओह नहीं! अक्षिता बेहोश हो गई, इसे फौरन हॉस्पिटल ले जाना होगा!

CITY HOSPITAL, RAJNAGAR.
लड़की की हालत गंभीर है ध्रुव!
इसके खून में कुछ अजीब तरह के विषाणु पाए गए हैं, जो इसके शरीर में तेजी से फैल रहे हैं!
शायद यही इसकी बेहोशी का कारण है!
सारी रिपोर्ट्स आने से पहले पक्के तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

मेरी बेटी तुम्हारी बहुत बड़ी फैन है ध्रुव!

उसके कमरे की दीवारें तुम्हारी तस्वीरों से भरी पड़ी हैं!
अलमारी में कपड़ों से ज्यादा तुम्हारे कारनामों की खबरों वाले अखबार भरे पड़े हैं!
टी.वी. पर कोई कार्टून या कोई और प्रोग्राम देखने से ज्यादा उसे तुम्हारे कारनामों की कवरेज दे रहे न्यूज चेनल देखना पसंद है!

जब भी राजनगर किसी मुसीबत में पड़ा, किसी को हो ना हो उसे पूरा विश्वास रहता था कि तुम मुसीबत को टाल दोगे!

यही वजह थी कि कमांडो फोर्स में नए कैडेट्स की भर्ती की खबर पता चलते ही उसने बिना एक क्षण गंवाए एडमिशन के लिए एप्लिकेशन भेजी दी!
दुनिया में कोई भी मां अपने बच्चे को जोखिम भरे काम करने की इजाजत नहीं देती, मैंने भी नहीं दी थी!

तब जानते हो उसने क्या कहा था?
उसने कहा कि आप चिंता मत करो मां ध्रुव भैया मुझ पर कोई आंच नहीं आने देंगे।
यह 'उसका' तुम पर अटूट विश्वास था ध्रुव, जो मुझे हामी भरनी पड़ी!

लेकिन आज तुमने उसका विश्वास तोड़ दिया है ध्रुव!
भगवान ना करे मेरी बच्ची को कुछ हो गया तो दुनिया की हर मां का तुम पर से विश्वास उठ जाएगा!

तुम्हारी ही वजह से आज मेरी बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है ध्रुव!

MOMENTS LATER.
डिंग डॉंग डिंग डॉंग डिंग डॉंग
अरे बाबा खोल रही हूं थोड़ा सब्र करो!
पता नहीं इन पीजा बॉयज को पीजा डिलिवर करके भागने की इतनी जल्दी क्यों होती है?

तुम? यह पीजा डिलिवर करने की जॉब कब से शुरू कर दी!
मैं मजाक के मूड में नहीं हूं नताशा!
मुझे तुमसे कुछ जानकारी चाहिए!

उम्म्म! ओ.के.! आओ! अंदर आओ!
रोबो कहां है नताशा?
WHAT?

तुम्हारे डैड, ग्रैंड मास्टर रोबो कहां हैं नताशा?

वैसे तो तुम्हारे किसी भी सवाल का जवाब देने का मेरा मन नहीं है मिस्टर मेहरा!
लेकिन फिर भी मैं नहीं जानती कि डैड कहां हैं?
यह तुम भी अच्छी तरह से जानते हो कि डैड का जब मुझसे मिलने का मन करता है वे तभी मुझसे कांटेक्ट करते हैं!
तुम्हारे इस रूखे व्यवहार की वजह मैं नहीं जानता नताशा और ना ही फिलहाल जानने में मेरी दिलचस्पी है!

* जानने के लिए पढ़ें 'ऑल्टर ईगो' और 'एक्स'।

ठीक है! रोबो अगर पाताल में भी है तो मैं उसे वहां से भी ढूंढ निकालूंगा!
क्योंकि इस बार बात सिर्फ मेरी और रोबो की दुश्मनी तक सीमित नहीं रह गई है, बात एक मासूम की जिंदगी पर आ गई है!
और इस बार तुम भी रोबो को उसके भयानक अंजाम से बचा नहीं पाओगी!
तो तुम भी सुन लो, मिस्टर मेहरा! अगर तुमने रोबो को जरा भी नुक्सान पहुंचाने की कोशिश की तो तुम मुझे अपने और रोबो के बीच खड़ा पाओगे!
भड़ाक
MEHRA RESIDENCE, NOW.
पिक पिक
ALERT ALL UNITS! IT'S AN EMERGENCY...
पिक पिक

"फौरन नारका जेल पहुंचें, नारका जेल पर हमला हुआ है।"
पन्द्रह अगस्त आने में अभी समय है दोस्तों, लेकिन आज का दिन आप लोग अपनी आजादी के दिन के रूप में मनाएंगे!
आजादी मुबारक हो दोस्तों!
आप सभी आजाद हैं!
"आज की तारीख को राजनगरवासी काले दिन के रूप में याद रखेंगे, क्योंकि आज होगा राजनगर के इतिहास का सबसे बड़ा..."
ब्रेकआउट
क्रमशः

आज खतरे में है राजनगर! लेकिन ढह चुकी है राजनगर को हर खतरे से बचाने वाली अभेद दीवार... राजनगर का रक्षक सुपर कमांडो ध्रुव!
ऐसे में कौन करेगा राजनगर वासियों की रक्षा?
सफल हो पाएंगे यह रक्षक राजनगर को बचा पाने में या फिर
इन रक्षकों के साथ ही राजनगर को सदा के लिए लील जाएगा यह...
ब्रेकआउट
Join our facebook page
facebook
http://www.facebook.com/rajcomics
Shadab Siddiqui
HEMANT